दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
क्यूँ न लिखूँ सच
वर्ष:- 05
अंक:- 141
मुरादाबाद
(Friday)
12 September 2025
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

काशी में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय वार्ता: PM मोदी बोले- दोनों देश सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार हैं;कई मुद्दों पर चर्चा

वाराणसी में बृहस्पतिवार को भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी। वहीं मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी में भव्य स्वागत के लिए पीएम को धन्यवाद किया।काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक- पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है...मॉरीशस के पीएम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई देता हूं- पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय सहयोग की सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। मैं मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई देता हूं।द्विपक्षीय वार्ता के बाद बोले पीएम मोदी, मॉरीशस की संप्रभुता की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है और इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है।मॉरीशस के विकास में साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात- पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है। पीएम मोदी के आगमन पर पूरी काशी भगवामय हो गई। बृहस्पतिवार को पीएम मोदी अपने 52वें दौरे पर काशी पहुंचे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन से पहले पूरा शहर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। बृहस्पतिवार की सुबह से ही पुलिस लाइन चौराहे से लेकर मिंट हाउस, नदेसर और आसपास के मार्गों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और मोदी समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर भगवा रंग की छटा बिखरी हुई थी। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गईं, वहीं उनके साथ आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के स्वागत को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह देखा गया।राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया पीएम का स्वागत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार सुबह वायुसेना के विशेष विमान से वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। विमान से उतरते ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सहित सभी मंत्रियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मुख्य सचिव व डीजीपी भी मौजूद रहे।सुबह 11 बजे के आसपास ही लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर आकर खड़े हो गए। जगह-जगह लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके मित्र, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की एक झलक पाने को उत्सुक थे। जैसे ही आगमन का समय नजदीक आया, सड़क किनारे 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजने लगे।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व बसपा विधायक को आजीवन कारावास की सजा, 31 साल पहले दो सगे भाइयों की हत्या का मामला, भारी फोर्स तैनात

सगे भाइयों की हत्या में दोषी पूर्व बसपा विधायक छोटे सिंह चौहान का आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सजा का एलान होते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। कोर्ट के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात है।उरई में दो सगे भाइयों की हत्या में दोषी करार बसपा के पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने गुरुवार को आत्मसर्मपण किया। एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीश भारतेंदु सिंह ने पूर्व विधायक को दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा का एलान होते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। उन्हें जेल ले जाया जाएगा। वहीं, कोर्ट के बाहर भारी मात्रा में उनके समर्थक मौजूद हैं। इसलिए पुलिस भारी संख्या में तैनात कर दी गई है।बता दें कि चुर्खी थाना क्षेत्र के बिनौरा बैध गांव में 30 मई 1994 की दोपहर प्रधान के चुनाव की रंजिश व वर्चस्व को लेकर गांव के ही राजकुमार उर्फ राजा भइया और उनके सगे भाई जगदीश शरण की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान को दोषी करार दिया। सजा सुनाने के लिए 11 सितंबर की तारीख तय की गई थी। दोषी करार होने के बाद से छोटे सिंह फरार था।राजनैतिक षड्यंत्र में फंसाया जा रहा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने लिखा है कि मेरे पूरे विधानसभा परिवार को मेरा प्रणाम।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय नजरबंद: पत्रकार वार्ता के लिए प्रदेश कार्यालय जा रहे थे;तभी पुलिस ने दी दस्तक

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उनके घर पर नजरबंद कर लिया है। वह पत्रकार वार्ता के लिए प्रदेश कार्यालय जा रहे थे।

इसी समय पुलिस ने घर पर दस्तक दी। राजधानी लखनऊ में गुरुवार को पुलिस ने कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके घर पर नजरबंद कर लिया। राय ने 11.30 बजे प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई थी।

वह कान्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए घर से निकलते इससे पहले ही पुलिस ने दस्तक दी। इसके बाद उन्हें घर से नहीं निकलने दिया गया। इस पर अजय राय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा कि, पुलिस भेजकर हमें रोकना, कार्यकर्ताओं की आवाज दबाना। ये लड़ाई को रोक नहीं पाएगा, ये वोट चोरों को बचा नहीं पाएगा।उन्होंने आगे लिखा कि कांग्रेस का हर बब्बर शेर कार्यकर्ता गली-गली, गांव-गांव से विरोध करेगा। आवाज देगा। मोदी, वोट चोरी बंद करो! दरअसल, पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर अजय राय ने प्रदर्शन का एलान किया था। इसी को लेकर वह प्रेस वार्ता भी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले ही उन्हें नजरबंद कर लिया गया। घर से नहीं निकलने दिया गया।

मेरे खिलाफ पैसे देकर चलाया जा रहा राजनीतिक अभियान;ई20 पेट्रोल की आलोचना पर नितिन गडकरी का पलटवार

केंद्रीय मंत्री सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के वार्षिक सम्मेलन में सवालों के जवाब दे रहे थे। यहां उनसे पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछा गया था।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि श्व20 मिश्रित ईंधन के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा अभियान मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए है। इसे पैसे देकर चलाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के वार्षिक सम्मेलन में सवालों के जवाब दे रहे थे। यहां उनसे पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछा गया था।गडकरी ने जवाब दिया कि ऑटोमोबाइल निर्माता और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ARAI) जैसी संस्थाओं ने पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण पर अपने निष्कर्ष साझा किए हैं। मंत्री ने कहा, %जिस तरह आपका उद्योग काम करता है, उसी तरह राजनीति भी काम करती है। सोशल मीडिया अभियान सशुल्क था। यह मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए था। इसमें कोई तथ्य नहीं है। सब कुछ स्पष्ट है। इथेनॉल मिश्रण आयात का विकल्प, लागत-प्रभावी, प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी है।गडकरी ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर भारी रकम खर्च करता है। उन्होंने पूछा कि क्या जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और बचाई गई राशि को भारतीय अर्थव्यवस्था में लगाने का प्रयास करना आर्थिक रूप से एक अच्छा कदम नहीं है। उन्होंने कहा, %हमने मक्का से इथेनॉल बनाया। इस कदम से किसानों को 45,000 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।

अमित शाह ने पांच और एयरपोर्ट पर शुरू किया फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन, अब 12 हवाई अड्डों पर मिलेगी सुविधा

गृहमंत्री अमित शाह ने 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' को देश के पांच और हवाई अड्डों पर शुरू किया है। अब यह योजना 12 एयरपोर्ट पर लागू हो चुकी है। इसके तहत भारतीय नागरिक और ओसीआई कार्डधारक ई-गेट से तेजी और बिना परेशानी के इमीग्रेशन क्लियरेंस पा सकेंगे। अब तक तीन लाख यात्री योजना से जुड़ चुके हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इसे 21 एयरपोर्ट तक विस्तार दिया जाए।केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई-टीटीपी) को देश के पांच और हवाई अड्डों पर शुरू किया। इस योजना के तहत भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा और वे ई-गेट से जल्दी क्लियरेंस पा सकेंगे।यह योजना सबसे पहले जुलाई 2024 में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई थी। इसके बाद दो महीने में इसे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद में लागू किया गया। अब इस सुविधा को लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, कोझिकोड और अमृतसर एयरपोर्ट पर भी लागू कर दिया गया है।तीन लाख लोग जुड़ चुके हैं योजना से गृहमंत्री शाह ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कहा कि फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन से यात्रियों को तेजी, सुरक्षा और बिना परेशानी के अंतरराष्ट्रीय सफर का अनुभव मिलेगा। अभी तक तीन लाख लोगों ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से करीब 2.65 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ भी उठाया है।कैसे करेगा काम? योजना के तहत यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पासपोर्ट की न्यूनतम वैधता छह महीने होनी चाहिए। आवेदन स्वीकृत होने के बाद यात्री को बायोमेट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट और चेहरे की तस्वीर) देने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे या नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) जाना होगा। सफल सत्यापन के बाद यात्री को व्हाइट लिस्ट ऑफ ट्रस्टेड ट्रैवलर्स में शामिल किया जाएगा। अमेरिका की तर्ज पर बनी योजना अधिकारियों के मुताबिक यह योजना अमेरिका के ग्लोबल एंट्री प्रोग्राम की तर्ज पर बनाई गई है। वहां पहले से अनुमोदित यात्रियों को देश में प्रवेश के समय तेजी से क्लियरेंस मिलती है। भारत में भी अब इस व्यवस्था के जरिए यात्रियों को ई-गेट से गुजरने पर तुरंत इमीग्रेशन क्लियरेंस मिल जाएगा।21 एयरपोर्ट तक विस्तार की योजना केंद्र सरकार की योजना है कि इस प्रोग्राम को चरणबद्ध तरीके से देश के 21 बड़े हवाई अड्डों तक पहुंचाया जाए।

दिशा की बैठक में सांसद राहुल गांधी, एक दिन पहले सड़क पर विरोध करने वाले यूपी के मंत्री भी पहुंचे

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।रायबरेली के ऊंचाहार में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद सांसद राहुल गांधी दिशा की बैठक में पहुंचे। जिस तरह से राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को सांसद के खिलाफ प्रदर्शन किया था, उससे बैठक में गहमागहमी होने की संभावना है। हालांकि, बैठक में राज्यमंत्री भी पहुंचे और सांसद राहुल के पास ही उनकी भी कुर्सी लगाई गई थी।मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी के रायबरेली आगमन पर विरोध प्रदर्शन किया था और धरना देते हुए सड़क पर बैठ गए थे। इसके बाद बुधवार शाम को प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि राहुल दगे हुए बम हैं।सांसद प्रशासनिक अधिकारियों से पूर्व की बैठक के कार्यों की पूर्ति के साथ जिला अस्पताल में आईसीयू शुरू न होने पर भी सवाल कर सकते हैं। अपने दौरे में राहुल गांधी ने पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। वोट चोर गद्दी छोड़ के मुद्दे को भी सांसद ने रायबरेली में उछाला है। उनका कहना है कि इस मुद्दे को आने वाले दिनों में कई चरणों में लोगों के सामने रखा जाएगा। लोगों को सच्चाई मालूम चलेगी। ऊंचाहार विधायक ने दिशा की बैठक का किया बहिष्कार ऊंचाहार विधायक डा मनोज कुमार पाण्डेय ने दिशा की बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री की मां को गाली दिए जाने के मामले में माफी मांगनी चाहिए। इस पर सांसद ने माफी मांगने से इंकार कर दिया।

संपादकीय Editorial

For now, some clouds have definitely cleared

in front of the Himachal government which is engaged in collecting relief of 1500 crores. Prime Minister Narendra Modi finally reached the island of relief in Himachal by boarding the boats that the disaster-stricken Himachal had run to express its grievances. After several days of efforts, efforts of the ruling and opposition parties, letters from MPs and cries of the public, the Prime Minister has given the message of relief of 1500 crores. In a high-level meeting at Gaggal airport, while answering humanitarian questions floating in the scene of advocacy and grief, the Prime Minister has at least arranged for 1500 crores for now. It is a different matter that if the loss of Seraj assembly alone has to be fully compensated, then even this installment will fall short, yet a scope of relief has been fulfilled. After the rains, preparations for relief from the center have started. There can be many stages of relief and if the amount of fifteen hundred crores becomes a lump sum offer, then the state will be able to take the initial steps of reconstruction immediately. To compensate for the losses in the state, the Centre will have to show its generosity, goodwill and honesty, because the sighs of Himachal have not been heard completely yet. Cities and villages are still thirsty, because ninety percent of water supply projects have been destroyed. Similarly, seventy percent of roads have also been destroyed and in some places, even their traces have been erased. In the agricultural sector, vegetables and crops are now mourning their loss till the next season, while this havoc has completely broken down the rural economy. The actual assessment of the loss has not been done yet. If we look at it on humanitarian grounds, so many houses, so many families, so many villages and settlements have been destroyed. The definition of relief needs a broad basis. On one hand, there is short-term compensation, and on the other hand, Himachal's future will need a long-term assistance plan. The entire tourism industry of the state has been destroyed. In such a situation, the limited scope of relief will have to be linked to long-term plans in the comprehensiveness of rehabilitation. To resettle a town like Thunag, a township project is required there. Considering the drainage of the entire state under a special management, channelization of major ravines, drains and kuhals is required. Ensuring the construction standards in the state, the cost estimate of the centrally funded schemes will have to be increased. Considering the geological conditions, economy and environmental cooperation of the entire Himalayan region, a new relationship agreement is needed between land revenue and forest property. Construction has started happening in unsafe places under the pressure of 68 percent forest land of the state. Forest land should not exceed 50 percent in any case so that the geographically most safe and barren lands measured under forests can be made available for rehabilitation, reconstruction and economic construction. Many dangerous signs of the current formula of forest policy have emerged, hence the state government will have to move ahead and remove some fences of the Forest Protection Act in the imperative of protecting the citizens. In the end, the fate of a state like Himachal is now being decided by injustice under the annual funding. The hill state, which is burdened with a debt of one lakh crore, should immediately get disaster relief, connectivity, economy and tourism packages like the Atal government. What the government and the opposition have achieved together from the Prime Minister is still a little, a lot is still left.

Freedom from complex tax system, crores of people will benefit from the changes

With the implementation of new changes under the new GST system as well as the new Income Tax Act, crores of people of the country will be benefited and corruption will also be controlled. New important tax reforms under GST and Income Tax will help in increasing the number of taxpayers, reducing tax complexity and litigation and increasing tax collection. Recently, Prime Minister Narendra Modi said that the new bold reforms in Goods and Services Tax (GST) and Income Tax will not only make the life of the common man easier, but the country will also move rapidly on the path of developed India. Finance Minister Nirmala Sitharaman also said that with the new tax reforms, India can become the third largest economy in the world by the end of this financial year 2025-26. Similarly, in the reports of various economic and financial organizations of the world, the possibilities of rapid development of India are being presented due to the reforms made in GST and Income Tax. It is worth noting that the GST Council has approved a two-tier GST with 5 and 18 percent slabs, changing the four tax slabs of 5, 12, 18 and 28 percent. However, 40 percent tax will be applicable on some items falling in the category of harmful goods. There are three major bases of the reforms made in GST. First, structural reform. In this, the tax structure has been further improved. Second, tax rates have been rationalized so that essential goods are cheaper. Third, new registration and refund have been made easy. This will bring balance in input and output tax rates. The process of GST registration to compliance report has also been made easy. Businessmen will now be able to register themselves on the GST portal in just three days. There will be a system to give them refund in seven days. The problems in input tax returns due to difference in rates of raw material and finished goods have also been eliminated. With the new changes in GST rates, about 99 percent of the items currently having 12 percent GST will now come in the five percent slab. While about 90 percent of the items taxed at 28 percent will come under the 18 percent slab. With the new change, hundreds of items used by the common man, farmers and small industries will become cheaper. This will lead to a strong increase in domestic consumption. The middle class will spend money on the purchase of products and private investment will also get a boost due to increased demand. The government also hopes that despite the annual revenue loss of Rs 47,000 crore, this will accelerate market activities and the way the economy will gain momentum, the immediate loss will be easily compensated. The common man and the middle class will get relief in prices and their purchasing power will increase. Cash flow will also increase in the market. Small industries which are worried about the decrease in exports due to Trump tariff will get a big support from the increasing demand of domestic consumers. Industrial production will increase due to reduction in GST and demand will be seen increasing from the manufacturing sector to the service sector. It is estimated that consumption will increase by about two lakh crore rupees due to reduction in GST in the country and exports will also get a new impetus. GDP will increase due to increase in demand and production. Employment opportunities will increase. India's ease of doing business ranking will also improve at the global level. The creation of two slabs of GST will make its implementation and accounting process easier. The central government has moved forward rapidly to make income tax easier and more relieving along with the changes in GST. The Income Tax Bill, 2025 has now become a law after the President's approval. This law will replace the existing Income Tax Act, 1961 and will be implemented from April 1, 2026. In fact, the new Income Tax Act is not just a change in some sections, but is going to transform the entire tax system. This will start a new era of digital and simple era of tax system in the country. Under this new law, a system will be created by eliminating the web of tax laws, which will be simple and beneficial for common taxpayers. With this, new taxpayers will be ready to pay income tax according to their income. The new Income Tax Act simplifies the old law by about 50 percent. The new law removes the ambiguities related to income from house property. Through the new law, provisions that had become irrelevant in the tax law have been removed. With the implementation of new changes under the new GST system as well as the new income tax law, crores of people of the country will be benefited and corruption will also be controlled. New important tax reforms under GST and income tax will help in increasing the number of taxpayers, reducing tax complexity and litigation and increasing tax collection. The country's industries and businesses will give economic momentum to the country while facing Trump's tariff challenges. This rapidly increasing tax collection will also be seen playing an important role in making the country the third largest economy in the world and a developed nation by the year 2047.

Politics that provokes emotions, one must be cautious

Indian Muslims should learn from some Islamic countries of Arabia where Islam was born. They are supporting a liberal Islam. Not only this, these countries are keeping their youth away from the thinking of fundamentalists and their cruelty. These Islamic countries are also inspiring the people of their country to become cultured citizens. The presence of the national symbol Ashok Chakra on the renovation stone plaque of the famous Hazratbal Dargah of Srinagar provoked anger among some Kashmiri Muslims who visited the mosque on Eid-e-Milad (Prophet's birthday on September 5). The incident of vandalism targeting the Ashok Chakra hurt the sentiments of the entire country. This issue is related to sensitivities within Islam and within Islam and non-Islam. Since politics got involved in this controversy, an impartial investigation of this subject is necessary. Jammu and Kashmir Waqf Board had renovated the Asri Sharif Hazratbal Dargah. It was inaugurated on September 3, 2025 by Dr. Syed Darakhshan Andrabi, Chairperson of the Jammu and Kashmir Waqf Board. Other members mentioned on the plaque include Syed Mohammad Hussain, Dr. Ghulam Nabi Haleem, Tehsildar of the Board Ishtiaq Mohiuddin and Engineer Syed Ghulam A Murtaza. There is an Urdu text in the middle at the top of the plaque. On the right is a picture of a mosque above a crescent and on the left is the Ashoka Chakra symbol of the same size. Neither this plaque nor any of the symbols inscribed on it were of worship. It is certain that the Ashoka Chakra was noticed only on September 3. Yet no voice of dissent or protest was raised until September 4. Protest was expressed only on September 5. First a group of men and then a group of women vandalised the symbol inscribed on the plaque by pelting stones. It appears that this act was done deliberately. Surprisingly, this vandalism was defended by political leaders. They could have taken up the matter privately with the board or the governor, but they adopted a different and provocative approach. Their intention appeared to be to incite sentiments in the country as well as in Kashmir. The argument that the lions in the Parliament House in Delhi are symbolic and inconsistent with the religious values ??of the shrine sounds completely hollow. The fame of the Hazratbal shrine is due to a sacred relic, a hair from the beard of Prophet Muhammad, called the Moi-e-Muqaddas. It is revered as the personal symbol of the prophet, though it is not formally worshipped. The question arises, could not the Ashoka Chakra have been respected as the symbol of the republic on a plaque where it was not being formally worshipped? Andrabi condemned the vandalism, calling it a “terrorist attack” and an assault on the Constitution, the dignity of the shrine and national symbols. She blamed the National Conference workers for the nuisance and linked it to their frustration at not being able to control the Waqf Board. There seems to be some substance to this statement. This is all the more so because former Chief Minister Sheikh Abdullah had built his public image as a prominent leader of Kashmiri Muslims by taking control of mosques and dargahs and bringing them under the Waqf Board. This was the pillar of his politics. Perhaps the National Conference regrets not having control over the Waqf Board. Jammu and Kashmir Chief Minister Omar Abdullah virtually supported the vandalism of the dargah with the Ashoka Chakra on its plaque. He questioned the installation of the Ashoka symbol at the religious site and also opposed the imposition of the Public Safety Act (PSA) on those involved in the vandalism. Omar Abdullah's views were also supported by People's Democratic Party (PDP) leader and former Chief Minister Mehbooba Mufti and her daughter. Mehbooba Mufti said that placing the national emblem at the dargah was tantamount to blasphemy. She also claimed that the protest was "not against the emblem", but against "idol worship". CPI(M) leader and MLA MY Tarigami and Mirwaiz Umar Farooq also sided with the protesters. In this case, the question remains that why did no one raise their voice on September 3 or 4? Amidst this question, some Muslims criticized the protesters, saying that the Ashoka Pillar is a part of India's cultural heritage and a national symbol. Its presence on the stone plaque outside the mosque neither hinders the prayers nor harms religious faith in any way. Interestingly, the Ashoka Chakra is also inscribed on Haj identity cards and Indian passports. For this reason, questions are being raised that will those who oppose the Ashoka Chakra oppose the Indian passport during the Haj pilgrimage? Amidst this controversy, on September 8, a picture of a green and white hoarding installed at the Hazratbal Dargah surfaced on social media. This hoarding, installed during the PDP-BJP coalition government (2017-2022), has the Ashoka Chakra inscribed on it and the message of the scheme is written. It was an initiative of the Union Ministry of Tourism (2014-15), which was for the development of pilgrimage sites of historical importance. If the critics are coming to the conclusion that the opposition to the national emblem by the National Conference and the People's Democratic Party is purely political, then they cannot be called wrong. More so, because the national emblems of many Islamic countries are inscribed on the hoardings and plaques of mosques of those countries. The Muslims of India are not at all like the Muslims of Arabia. We should learn from some Islamic countries where Islam was born. They are supporting a liberal Islam. Not only this, these countries are keeping their youth away from the thinking of fundamentalists and their cruelty. These Islamic countries are also inspiring the people of their country to become cultured citizens. After all, why can't the Muslims of India emulate the Muslims of these Islamic countries?

सरेराह छात्राओं से छेड़खानी और फायरिंग, चार युवक गिरफ्तार.. भेजे गए जेल, तमंचा भी बरामद

कुंदरकी थानाक्षेत्र में नानपुर पुलिया के पास नर्सिंग छात्राओं से छेड़खानी और फायरिंग करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से तमंचा भी बरामद किया गया है। घटना आठ सितंबर को मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर हुई थी।

कुंदरकी थानाक्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर नानपुर की पुलिया के पास नर्सिंग की दो छात्राओं के साथ बाइक सवारों ने छेड़खानी की। घटना के समय छात्राएं अपने भाइयों के साथ मेला देखकर घर लौट रही थीं। छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग की। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।एक आरोपी से तमंचा भी बरामद किया गया है। भगतपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कुंदरकी थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि उसकी बेटी अपने दो भाइयों और पड़ोसी युवती के साथ मुरादाबाद में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। आठ सितंबर को चारों चंदौसी में अपनी नानी के घर गणेश चौथ का मेला देखने गए थे।गलती से चारों अपनी बाइक व स्कूटी से नानपुर पुल से बरेली हाईवे पर चले गए जहां हाईवे पर चढ़ते ही किनारे खड़े चार युवकों ने उनको रोक लिया। बाइक की चॉबी भी निकाल कर नीचे फेंक दी। आरोप है कि इन युवकों ने दोनों छात्राओं से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने तमंचा निकाल कर फायर कर दिया। इस घटना में वह बाल-बाल बच गए। बाद में चारों आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग गए। इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर ने बताया कि इस मामले में कुंदरकी के हुसैनपुर हमीर गांव निवासी आरोपी विपिन, विकास, विक्की और छिरावली गांव निवासी पवन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विक्की के कब्जे से तमंचा बरामद किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने चारों आरोपियों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी जेल भेज दिए गए।

बिजनौर के महिला थाने में तैनात बरेली के दरोगा की संदिग्ध हालत में मौत

मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। महिला थाने में तैनात दरोगा चंद्रपाल सिंह की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। थाने में दरोगा की मौत ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया। घटना की भनक लगते ही एसपी सिटी संजीव वाजपेयी पुलिस फोर्स के साथ महिला थाने पहुंचे और मामले की जांच की। मृतक दरोगा मूलरूप से बरेली जिले के रहने वाले थे। फिलहाल अभी परिवार के साथ बदायूं में रह रहे थे और बिजनौर में तैनात थे। महिला थाने में तैनात दरोगा चंद्रपाल सिंह की मौत कैसे हुई? यह रहस्य अभी गहराया है? फॉरेंसिक टीम ने थाना परिसर से सैंपल जुटाए हैं। थाने में तैनात पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, दरोगा की मौत खबर मिलने पर परिजन बिलख उठे हैं। चीख-पुकार के बीच बदहवास परिजन बिजनौर पहुंचे हैं। पुलिस के मुताबिक दरोगा की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस अधिकारी इस केस में अभी ज्यादा कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। दरोगा की मौत से महिला थाने में मातम पसरा है। चंद्रपाल के सहकर्मी भी गमगीन है। आम लोग भी इस घटना से दंग हैं। हर किसी की जुबान पर यही सवाल बना है कि आखिर दरोगा की मौत कैसे हुई? बहरहाल, पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पाएगी। इस घटना से पुलिस महकमे में गहन शोक और चिंता का माहौल है। फिलहाल पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

कारोबारी की तिजोरी से नकदी चोरी करती थी नौकरानी, चाबी गायब मिली तो हुआ खुलासा, पति समेत तीन पकड़े

मुरादाबाद सिविल लाइंस के रामगंगा विहार टीडीआई सिटी में पेंट कारोबारी के घर से नौकरानी ने पति और भाई की मदद से तिजोरी से धीरे-धीरे लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। तिजोरी की चाबी गायब मिलने पर वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 3.98 लाख रुपये व जेवर बरामद किए हैं।मुरादाबाद के सिविल लाइंस के रामंगा विहार टीडीआई सिटी

निवासी पेंट कारोबारी मनप्रीत सिंह के घर से नौकरानी प्रियंका उर्फ पूजा ने लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। नौकरानी धीरे-धीरे तिजोरी से नकदी और जेवर चोरी करती रही और अपने पति और भाई को सामान देती रही। कारोबारी ने लॉकर की चाबी गायब देखी तो इस वारदात का पता चल पाया।पुलिस ने नौकरानी, उसके पति और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि रामगंगा विहार टीडीआई सिटी निवासी मनप्रीत सिंह का लाकड़ी फाजलपुर में पेंट का शोरूम है। तीन माह पहले उनके घर अमरोहा के महमूदपुर अबूशहीदपुर उर्फ सूदनपुर निवासी प्रियंका उर्फ पूजा काम मांगने आई थी।उसने कारोबारी को बताया कि वह सिविल लाइंस के मोरा की मिलक में अपने पति और परिवार के साथ रहती है। परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। उसे काम मिल जाएगा तो वह घर चलाने में पति की मदद कर सकेगी। कारोबारी ने उसे अपनी घर में नौकरानी रख लिया। एक दिन प्रियंका ने कारोबारी के घर की तिजोरी में लाखों रुपये की नकदी और जेवर देखा तो उसने इसकी जानकारी अपने पति विकास चौधरी और भाई शिवम को दी। इसके बाद तीनों ने कारोबारी के घर में चोरी की प्लानिंग की। तय हुआ कि वह एक दिन में चोरी नहीं करेंगे बल्कि प्रियंका धीरे-धीरे नकदी और जेवर चोरी करती रहेगी और सामान घर से बाहर लाकर हमें देगी। योजना के मुताबिक प्रियंका ने तिजोरी की चाबी हासिल कर ली। इसके बाद जब परिवार के लोग इधर-उधर होते तो वह सफाई करने के बहाने तिजोरी वाले कमरे में घुस जाती और लॉकर खोलकर जेवर व नकदी चोरी कर लेती थी। महिला ने तिजोरी से रानी हार, नोज पिन, तीन जोड़ी टप्स, एक नेकलेस सेट, 250 ग्राम चांदी के सिक्के के अलावा लाखों की नकदी चोरी कर ली। सोमवार को कारोबारी ने तिजोरी की चाबी गायब पाई। तलाश करने पर भी चाबी नहीं मिल पाई तो उन्होंने दूसरी चाबी से तिजोरी खोली तो नकदी और जेवर गायब थे। पुलिस ने केस दर्ज कर नौकरानी से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके पति विकास चौधरी और छजलैट के दूल्हेपुर गांव निवासी भाई शिवम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने चांदी के जेवर और 3.98 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं।

टांडा, बादली में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

टांडा। टांडा और बादली में 12 अगस्त से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा। इस संबंध में बुधवार को पीडब्ल्यूडी ने नगर में मुनादी करा दी। इससे दुकानदारों में हड़कंप मचा है।एसडीएम राजकुमार भास्कर ने चेतावनी देते हुए कहा कि नोटिस प्राप्त करने वाले सभी लोग हर हाल में 11 सितंबर की शाम तक अपने अवैध निर्माण स्वयं ध्वस्त कर लें, अन्यथा 12 सितंबर को प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा और उसका जुर्माना भी वसूला जाएगा।नगर के करीब सौ दुकानदार हाईकोर्ट पहुंचे थे, जहां से उन्हें अपने प्रत्यावेदन सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी को देने के आदेश मिले थे। आदेश के अनुपालन में दुकानदारों ने प्रत्यावेदन जमा कराए लेकिन विभाग ने सभी 99 प्रत्यावेदन निरस्त कर दिए। इसके बाद अभियान का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया था। पीडब्ल्यूडी के अनुसार अब तक 480 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 1000 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाने हैं। करीब 300 दुकानें पहले ही पूरी तरह गिराई जा चुकी हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर कराई गई पुनः पैमाइश में सभी चिह्नीकरण सही पाए गए थे। इसके बाद सात अगस्त को हुई बैठक में स्पष्ट कर दिया गया था कि 11 अगस्त की समय सीमा के बाद प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा। अधिशासी अभियंता उदयपाल सिंह ने बताया कि सभी प्रत्यावेदन का गहन परीक्षण किया गया था। किसी में भी वैधानिक आधार नहीं पाया गया। इसलिए उन्हें निरस्त कर दिया गया है। अब विभाग तय समय पर अभियान चलाएगा और सभी अवैध निर्माण हटाए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को आजीवन कारावास, एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा उस पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। मुरादाबाद की अदालत में यह फैसला नौ साल पुराने केस में दिया। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) द्वितीय घनेंद्र कुमार की अदालत ने बुधवार को कटघर के नौ साल पुराने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में मुलजिम गणेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।पीड़िता के पिता ने सात फरवरी 2016 को कटघर थाने में बलदेवपुरी निवासी गणेश के खिलाफ केस दर्ज कराया था जिसमें पिता ने बताया कि आरोपी उसकी 17 वर्षीय बेटी को अगवाकर ले गया है। उसने आरोपी के घर जाकर बेटी के बारे में पूछा तो उसे जान से मारने की धमकी दी और घर से भगा दिया।इस मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद किया और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके अलावा मजिस्ट्रेट के सामने उसके बयान दर्ज कराए। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर केस में पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में 14 जून 2016 को आरोपी गणेश के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, अपहरण, जान से मारने की धमकी देने में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) द्वितीय घनेंद्र कुमार की अदालत में चली। सरकार की ओर से अभियोजक मनोज गुप्ता और मो. अकरम खान ने पक्ष रखा और आरोपी को कड़ी सजा दिलाने को दलीलें दीं। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुलजिम गणेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अदालत ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की धनराशि में से 75 प्रतिशत पीड़िता को दिया जाएगा। अर्थदंड जमा न करने पर दोषी को पांच माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पानी की कमी से बढ़ रहीं गर्भवती महिलाओं की परेशानियां

मुरादाबाद - गर्भावस्था के दौरान पानी की कमी गर्भवती महिलाओं और शिशु दोनों के लिए गंभीर खतरा बन रही है। चिकित्सकों का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने के कारण महिलाओं को प्रसव के समय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में पोषण तत्वों के साथ-साथ पानी की कमी भी आम समस्या है। जिला अस्पताल में आने वाली महिलाओं में से औसतन 10-12 महिलाओं में ये समस्या देखने को मिल रही है। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को रोज 3-4 लीटर पानी पीना चाहिए। पानी की कमी से गर्भस्थ शिशु का सामान्य रूप से वजन नहीं बढ़ पाता। इसका असर सीधे शिशु के अंगों के विकास पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि इससे ब्लड प्रेशर, डिहाइड्रेशन, मांसपेशियों में खिंचाव जैसी दिक्कतें सामने आती हैं और समय से पहले प्रसव का खतरा भी बढ़ जाता है। गर्भावस्था में पानी की कमी मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शरीर में पानी की मात्रा कम होने पर खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे भ्रूण तक पर्याप्त पोषण और ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती।

भैंस चराने गया ग्रामीण कोसी की तेज धार में बहा

पटवाई। क्षेत्र में एक ग्रामीण कोसी के तेज बहाव में बह गया। सूचना के बाद रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है।क्षेत्र के नानकार गांव निवासी 50 वर्षीय पूरन करीब 12 बजे भैंस को लेकर कोसी नदी पर गए थे। बताया गया कि भैंसों के साथ नदी पार करते हुए वह तेज धार में आ गए। बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नही पाए और कोसी में बह गए। जानकारी के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने पहुंचकर रेस्क्यू टीम को सूचना दी, जिसके बाद टीम ने पहुंचकर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि कोसी नदी में ग्रामीण बह गया है।

स्टांप एवं निबंधन शुल्क के जरिये कमाई करने में रामपुर प्रदेश में अव्वल

रामपुर। रामपुर के निबंधन कार्यालय में संपत्ति पंजीकरण से राजस्व प्राप्ति में शत प्रतिशत राजस्व कमाने में रामपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि स्टांप एवं निबंधन विभाग द्वारा जनपद रामपुर को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित वार्षिक एवं क्रमिक राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत राजस्व प्राप्ति अर्जित करते हुए प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा जारी प्रदेश के माह अगस्त 2025 तक के प्रगति विवरण के अनुसार जनपद रामपुर का वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक राजस्व लक्ष्य 290 करोड़ निर्धारित है।माह अगस्त तक जनपद के निर्धारित क्रमिक राजस्व लक्ष्य 125.10 करोड़ के सापेक्ष 145.30 करोड़ की प्राप्ति अर्जित की गई है, जो कि क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष 116.2 प्रतिशत है। वार्षिक लक्ष्य 290 करोड़ के सापेक्ष माह अगस्त, 2025 तक जनपद द्वारा 145.30 करोड़ राजस्व प्राप्ति की गई, जो वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 50.1 प्रतिशत है। इस प्रकार क्रमिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष जनपद रामपुर की राजस्व प्राप्ति प्रदेश में सर्वाधिक है।

रामपुर में 2.36 लाख वोटर डुप्लीकेट, जांच शुरू

यानि एक नाम के कई वोटर एक ही गांव में पाए गए हैं। कई वोटरों के पिता व पति का नाम भी लगभग एक जैसे ही हैं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) के जरिये वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट वोटरों की छंटाई की गई है। डुप्लीकेट वोटर छांटने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने यह सूची अब प्रशासन को भेज दी है। साथ ही इस मतदाता सूची का सत्यापन कराने के भी आदेश दिए हैं। आयोग के आदेश के बाद प्रशासन ने डुप्लीकेट नामों के मतदाताओं की सूची का सत्यापन शुरू करा दिया है। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे अभियान के तहत डुप्लीकेट वोटर लिस्टों की जांच शुरू कराई गई है। जांच का काम शुरू कर दिया है। कहां कितने डुप्लीकेट वोटर ब्लॉक-डुप्लीकेट वोटर सैदनगर - 30909 मिलक -53138 बिलासपुर-23870 शाहबाद- 39568 स्वार- 55432 कुल- 236002 आधार से होगा वोटरों के नामों का मिलान रामपुर। डुप्लीकेट वोटरों का मिलान अब आधार कार्ड के जरिये किया जाएगा। बीएलओ को इस संबंध में आयोग की ओर से निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के मुताबिक प्रत्येक डुप्लीकेट वोटर के कागजातों का सत्यापन होगा। साथ ही आधार कार्ड के साथ ही अन्य जरूरी कागजातों की जांच कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने डुप्लीकेट मतदाताओं की एआई आधारित सूची भेजी है, जिसका सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के बाद सही स्थिति सामने आएगी कि कितने वोट डुप्लीकेट हैं और कितने सही पाए गए हैं। अनिल कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थिनी चुनाव

बीजी सीरीज के नंबरों को लेकर लखनऊ में कमेटी गठित

रामपुर। जिले में निजी वाहनों को सरकारी वाहनों के आरक्षित नंबर बांटने का मामला सामने आने के बाद लखनऊ में कमेटी गठित कर दी गई है। यह कमेटी निजी वाहनों पर लगे बीजी नंबरों को लेकर इस लापरवाही की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेगी।शासन की ओर से 2013 में जारी नीति के अनुसार परिवहन विभाग ने जी सीरीज के पंजीकरण नंबर सरकारी वाहनों के लिए आरक्षित किए थे। इसके तहत एजी, बीजी, सीजी आदि सीरीज के नंबरों को आम वाहन स्वामियों को आवंटित नहीं किया जा सकता है, लेकिन फिर भी परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को भी इस तरह के नंबर जारी कर दिए हैं।मामला खुलने के बाद परिवहन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर अब लखनऊ स्तर से संबंधित अधिकारियों ने संज्ञान ले लिया है और अब लखनऊ में ही एक कमेटी तैयार कर दी गई है। यह कमेटी इस लापरवाही की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट देगी, इसके बाद जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर लखनऊ की टीम यहां पर भी कर्मचारियों से पूछताछ करने में लगी हुई है। इसके अलावा अन्य जरियों से इसका पता लगाने में जुटी हुई है। एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ स्तर से एक कमेटी बनी है, वही अब इसकी जांच कर रही है। बताया कि जैसे निर्देश आते हैं, उसके हिसाब से कार्रवाई कराई जाएगी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

महिला पुलिसकर्मियों की आंखें हुईं नम इंस्पेक्टर की विदाई में सभी हुए भावुक

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। यूपी पुलिस महकमे में तबादले आम बात है, लेकिन कई बार विदाई के ऐसे दृश्य सामने आ जाते हैं जो लंबे समय तक चर्चा का विषय बने रहते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा बरेली के प्रेमनगर थाने में देखने को मिला, जब इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी का तबादला आगरा ज़ोन के लिए हो गया। विदाई के इस मौके पर न सिर्फ साथी पुलिसकर्मी भावुक हो उठे, बल्कि कई महिला पुलिसकर्मी इंस्पेक्टर से गले लगकर रोती नज़र आईं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। विदाई में छलके जज्बात इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी बरेली पुलिस महकमे में अपनी अलग पहचान रखते हैं। प्रेमनगर थाने में उनकी तैनाती के दौरान वे न केवल अपने काम को लेकर चर्चित रहे, बल्कि पुलिसकर्मियों के बीच एक सौम्य और सहयोगी अफसर के तौर पर भी मशहूर रहे। विदाई समारोह के दौरान जब उनका तबादला आदेश पढ़ा गया तो मौजूद पुलिसकर्मी भावुक हो गए। खास बात यह रही कि कई महिला पुलिसकर्मी उन्हें गले लगाकर रोने लगीं। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों और लोगों की आंखें भी नम हो गईं। बरेली के इस विदाई समारोह ने यह साबित कर दिया कि पुलिस विभाग सिर्फ सख्ती और नियमों से ही नहीं चलता, बल्कि इंसानियत और आत्मीय रिश्तों से भी भरा होता है। इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी की विदाई का यह दृश्य लंबे समय तक पुलिस महकमे और बरेलीवासियों की यादों में ताज़ा रहेगा।

बारादरी क्षेत्र के सेटेलाइट पर युवक की गोली मारकर हत्या, ऑटो चालक और उसके साथी नामजद

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात ईसाइयों की पुलिया के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। विवाद की जड़ सेटेलाइट बस अड्डे पर ऑटो चालक से हुई कहासुनी बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए, जबकि पुलिस ने एक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, बिशारतगंज निवासी गौरव गोस्वामी अपने चचेरे भाई आकाश गोस्वामी और तहेरे भाई मनोज गोस्वामी से मिलने शाही क्षेत्र के गांव कुल्चा गए थे। रात में लौटते समय तीनों ने साईं किशोर होटल पर खाना खाया और फिर सेटेलाइट स्टैंड पहुंचे। यहां एक ऑटो चालक से विवाद हो गया। आरोप है कि झगड़े के बाद ऑटो चालक अपने साथियों संग ईसाइयों की पुलिया पर पहुंचा, जहां दोनों पक्षों में मारपीट और गाली-गलौज हुई। इसी दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे गंगा चरण अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मौके से एक ऑटो कब्जे में लिया। एसपी सिटी मानुष पारिक ने बताया कि होटल से निकलने के बाद ही विवाद हुआ था। आरोप है कि बिहारी सोनकर ने गौरव पर गोली चलाई। मृतक के पिता की तहरीर पर नैतिक सोनकर, बिहारी सोनकर, ऑटो चालक अनस, राजा, अभय, शेखर, समीर, चंदन समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और बाकी की तलाश की जा रही है।

श्री मती रामश्री देवी नगाइच महिला कल्याण समिति (रजि.) के तत्वाधान मे छात्रा ओ का सम्मान किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा / दशम एवं द्वादश की टॉप छात्राओ को दी पांच पांच हजार रूपये की सम्मान राशि कोंच(जालौन) स्थानीय गल्ला मंडी स्थित शैक्षणिक संस्था सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे श्री मती रामश्री देवी नगाइच महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष श्री मती प्रभा नगाइच प्रबंधक कांती पलया कोषाध्यक्ष डॉ निधि नगाइच पत्नी डा अभिषेक नगाइच हड्डी रोग विशेषज्ञ झांसी एवं समिति के संचालक शैलेन्द्र नगाइच (ढप्पू एल आई सी अभिकर्ता ने वोर्ड परीक्षा 2025 मे द्वादश मे नगर टॉप छात्रा राशि तिवारी एवम् दशमी मे विद्यालय टॉप मान्या मिश्रा को पांच पांच हजार रूपये की चैक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया समाज सेविका प्रभा नगाइच कोंच नगर पालिका परिषद की अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने सयुक्त रूप से छात्राओ को सम्मानित किया एवं समिति के संचालक शैलेन्द्र नगाइच ने कहा की हर वर्ष यह समिति छात्राओ को सम्मानित करेंगी। इस अबसर पर शिशु कल्याण समिति की सदस्य डॉ नीता रेजा कृष्णा झा संतोषी सिंह के साथ विद्यालय के प्रभारी नरेंद्र सिंह, विवेक तिवारी, शैलेन्द्र यादव, पंकज बाजपेई, आनंद भरजद्वाज, मनीष अग्रवाल, सरला मिश्रा, सरोज खरे, नीतू गर्ग वंदना अवस्थी, रंजना तिवारी,आकांक्षा सिंह, दिव्या मिश्रा, रौली मिश्रा, ज्योति गुप्ता,तान्या व्यास शिवानी सिंह अनिकेत सिंह रवि शंकर, जितेंद्र पाल, सतीश पाण्डेय, मृदुल दुबे, विनीत खरे सहित समस्त बिद्यालय परिवार मौजूद रहा ।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, ऐसे में अधिकारी स्वयं पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अवलोकन कर समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण तिवारी द्वारा समयबद्ध निस्तारण न करने पर शिकायत डिफाल्टर हो जाने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कर दी।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता कर उसकी संतुष्टि की पुष्टि अवश्य की जाए। जिस मोबाइल नंबर से शिकायतकर्ता से बातचीत की जाए, उसे समय और तिथि सहित पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

राशन की कालाबाज़ारी, गरीबों का अनाज सस्ते में खरीद रहे व्यापारी

सरकारी योजना पर चोट, परिवारों पर भूखमरी का संकट

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सुभाष नगर क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित सरकारी राशन वितरण केंद्रों के बाहर खुलेआम कालाबाज़ारी का गोरखधंधा फल-फूल रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने बाकायदा चावल और गेहूँ खरीदने के लिए फड़ (अवैध खरीद-बिक्री का ठिकाना) बना रखा है। रोज़ाना कई बिचौलिए गरीबों को नक़दी का ला च देकर उनका सरकारी अनाज औने-पौने दामों पर खरीद लेते हैं। गरीबों का हक़ छिन रहा, परिवारों पर भूख का खतरा स्थानीय निवासियों के अनुसार गरीब लोग घंटों लाइन में लगकर जैसे-तैसे सरकारी कोटे से अनाज प्राप्त करते हैं, लेकिन घर लौटने से पहले ही नक़दी के प्रलोभन में वही अनाज बेच देते हैं। नतीजतन परिवार का राशन खत्म हो जाता है और लोग भूखमरी की कगार पर पहुँच जाते हैं। अवैध तराज़ू और खुलेआम खरीद-फरोख्त बदायूं रोड के लाल मंदिर के आसपास कई जगहों पर अवैध तराज़ू लेकर लोग खुलेआम बैठे दिखाई देते हैं। ये बिचौलिए बेहद सस्ती दर पर गेहूँ-चावल खरीदकर मोटा मुनाफ़ा कमाते हैं, जबकि सरकार यह अनाज गरीबों के घर के चूल्हे तक पहुँचाने के लिए देती है। प्रशासन की चुप्पी पर सवाल इलाके के लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग पूरी तरह लापरवाह है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक न तो छापेमारी हुई है और न ही अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई। जनता की मांग - तत्काल छापेमारी स्थानीय नागरिकों ने जिला अधिकारी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि कंट्रोल दुकानों के बाहर बैठे इन अवैध खरीददारों पर तुरंत छापेमारी कर सख्त सज़ा दी जाए, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीबों तक पहुँच सके।

रोहिलखंड सीमेंट मर्चेंट एसोसिएशन का गठन, पारदर्शिता और सुरक्षा को मिली प्राथमिकता

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। सीमेंट कारोबारियों ने एकजुट होकर रोहिलखंड सीमेंट मर्चेंट एसोसिएशन का गठन किया। संस्कृति हाल, रामगंगा कॉलोनी में आयोजित भव्य समारोह में संस्था की औपचारिक घोषणा की गई। इस कदम को क्षेत्र के सीमेंट कारोबार में पारदर्शिता, सुरक्षा और व्यापारिक एकता की नई शुरुआत माना जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता हरप्रीत सिंह खालसा ने की और मार्गदर्शन विधायक संजीव अग्रवाल ने दिया। वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी आलोक अग्रवाल को सौंपी गई, जबकि संगठन के संचालन की जिम्मेदारी महासचिव विकास खंडेलवाल निभाएंगे। प्रशासनिक अधिकारी आशु अग्रवाल तायल सहित सभी पदाधिकारियों ने मिलकर संस्था के उद्देश्यों को साझा किया। संस्था के मुख्य उद्देश्य सीमेंट व्यापार को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना। भुगतान की समय-सीमा और डिलीवरी प्रक्रिया के लिए स्पष्ट नियम तय करना। डिजिटल माध्यम से सूचना आदान-प्रदान को बढ़ावा देना। व्यापारियों के हितों की रक्षा और विवाद निपटान के लिए मंच उपलब्ध कराना। आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी समस्याओं का समाधान और नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम। संस्था ने स्पष्ट किया कि अनुचित व्यापारिक प्रथाओं और डिफॉल्टर पार्टियों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा नियमित बैठकें, नेटवर्किंग इवेंट और बाजार विस्तार के साथ तकनीकी नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। महासचिव विकास खंडेलवाल ने सभी व्यापारियों और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा, सभी साथियों के सहयोग से यह संगठन सीमेंट कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर अनुराग अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अवदेश अग्रवाल, अंकुर खंडेलवाल, अर्पित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल सहित कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे और संगठन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक संजिव अग्रवाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य सीमेंट की सप्लाई को पारदर्शिता और सुचिता के साथ संचालित करना है, ताकि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और ट्रक ऑपरेटरों के हित सुरक्षित रहें। उन्होंने जोर दिया कि पारदर्शी व्यवस्था से पूंजी का संतुलन बना रहेगा और किसी व्यापारी की पूंजी में अनावश्यक कमी नहीं होगी। पूंजी में गड़बड़ी करने वाले को व्यापार में टिकना कठिन होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सीमेंट कारोबार को संगठित कर एक मजबूत मंच देने का संकल्प दोहराया।

पीलीभीत केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र प्रसाद के नाम से लकड़ी माफिया ने पत्रकारों से की अभद्रता

